Amarujala

HPPSC is going to fill 191 posts in various categories

हिमाचल प्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग विभिन्न श्रेणियों के लिए 191 पदों को भरने जा रहा है। इसके अलावा बिजली बोर्ड में 3000 पद भरने की भी सरकार ने घोषणा कर दी है। पहले बात लोक सेवा आयोग की करते हैं।

इसके तहत राज्य आयुर्वेद विभाग में आयुर्वेद अधिकारियों के 118 पदों को भरा जाएगा। इनमें 68 पद बैकलॉग के भरे जाएंगे। सहायक जिला न्यायवादी के 27 पदों को भरा जाएगा। इनमें 8 पद बैकलॉग के होंगे।

ऊर्जा विभाग में सहायक अभियंता अथवा डिप्टी मैनेजर इलेक्ट्रिकल के 25 पदों को भरा जाएगा। इनमें सामान्य श्रेणी के 15 पदों को भरा जा रहा है। योजना विभाग में सहायक अनुसंधान अधिकारियों के चार पदों को भरा जाएगा।

योजना विभाग में ही अनुसंधान अधिकारी के एक और नगर नियोजन विभाग में प्लानिंग ऑफिसर के एक पद को भरा जाएगा। 26 सितंबर तक इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इस बारे में अधिक जानकारी www.hp.gov.in/hppsc पर ली जा सकती है। इसी वेबसाइट पर ही ऑनलाइन भर्ती भी की जा सकेगी।

सम्बंधित खबरें : हड़ताली कंप्यूटर शिक्ष्ाकों को बड़ी राहत, 632 पदों पर अब ऐसे होगी भर्ती
खुला सरकारी नौकरियों का पिटारा, 1200 से ज्यादा पदों पर भर्ती